PlanetRead
Literacy for a Billion

Movie: Gambler 1995
Year: 1995

Song: Meri Marzi
Lyricist: Vinay Dave

मेरी मरज़ी
मैं चाहे ये करूँ
मैं चाहे वो करूँ
मैं चाहे यहाँ जाऊँ
मैं चाहे वहाँ जाऊँ

गोरे को मैं कहूँ काला
जीजा को मैं बोलूँ साला
नदी को मैं बोलूँ नाला
चाबी बिना खोलूँ ताला
मेरे बारे में कुछ कहना नहीं
चुपचाप बैठे रहो
बोलना नहीं

मुझे समझाना मत
झूठ सही
चाहे पी जाऊँ मैं चाय कॉफ़ी
डाल के दही

ओ ...

मेरी मरज़ी
हर चौराहे पर मैं
अपनी मूर्ति लगवाऊँ
न्यूज़पेपर काट के
अपना सूट मैं बनवाऊँ
हॉस्पिटल में जाके मैं
ज़ोरों से चिल्लाऊँ
पहलवान को गोद में लेके

लोरी सुनाऊँ
दो सौ तीन सौ चार सौ
के छपवाऊँ नकली नोट
आलू टमाटर को मारूँ
क्रिकेट के शॉट
स्वीमिंग पूल में तैरने जाऊँ
पहनके कुर्ता धोती
बड़ी लॉटरी लगे कभी तो
रखूँ सूरत रोती
मुझे अब रोको नहीं
मुझे अब टोको नहीं
मेरा कहा सुनके तुम
ऐसे अब चौंको नहीं
नकली दाड़ी मूँछ
लगाके बन जाऊँ
मैं चोर
अपने घर में चोरी करके
ख़ूब मचाऊँ शोर
पानी पे मैं राशन रखूँ
मुफ़्त में बेचूँ तेल
कंकर पत्थर धूल डालके
सबको दे दूँ भेल
मैं चाहे ये करूँ
मैं चाहे वो करूँ
मेरी मरज़ी

मेरी मरज़ी
मैं अपनी शादी में ना जाऊँ
मेरी मरज़ी

मैं पैरों से तबले बजवाऊँ
मेरी मरज़ी
मैं बीच सड़क बिस्तर लगवाऊँ
मेरी मरज़ी
मैं कुतुबमिनार पे घर बनवाऊँ
मेरी मरज़ी

टाई की जगह मैं बाँधू
लंबा काला नाग
सफ़ेद कुर्ते पर लगवाऊँ
बूट पॉलिश के दाग़
त्योहारों में पहन के निकलूँ
मैं जूतों का हार
बैलों के पीछे लगवाऊँ
मैं तो मोटर कार
रसगुल्ले में मिरची डालूँ
दूध में डालूँ विस्की
अपनी घरवाली से पूछूँ
तू है बीवी किसकी
टांगेवाले से उड़वाऊँ
बोइंग जम्बो जेट
भिखारी को भीख में दे दूँ
दो बेडरूम का फ़्लैट
मुझे अब रोको नहीं
मुझे अब टोको नहीं
मेरा कहा सुनके तुम
ऐसे अब चौंको नहीं
हलवाई को नाई कह दूँ
धोबी को मैं माली
फ़िल्म फ़ालतू देख के
मैं तो ख़ूब बजाऊँ ताली

सर पे अपने मोजे पहनूँ
हाथ में पहनूँ बूट
पेट्रोल के संग आइल मिला के
मारूँ दो दो घूँट

मैं चाहे ये करूँ
मैं चाहे वो करूँ
मेरी मरज़ी

मेरी मरज़ी
मैं सूट के संग पहनूँगा साड़ी
मेरी मरज़ी
मैं बाँधूँ कुछ अपने पिछवाड़ी
मेरी मरज़ी
मैं भूतों की तस्वीरें खीचूँ
मेरी मरज़ी
मैं शरबत से खेतों को सीचूँ
मेरी मरज़ी

न्यूज़रीडर को मैं बोलूँ
गाओ तुम क़व्वाली
लेक्चर दे कोई तो कह दूँ
चुप हो जा मवाली
रिश्वत लेनेवालों से मैं
माँगूँगा कनसेशन
डॉक्टर के हाथों पे मारूँ
घोड़े का इंजेक्शन
झूठ बोले खच्चरों को
पहनाऊँगा चोली
देश के सब गद्दारों को
मारूँगा मैं गोली

PlanetRead

Literacy for a Billion

काला धन लेनेवालों को
दूँगा नकली नोट
ढोंगी समाज सेवक को
ना दूँगा अपना वोट
मुझे अब रोको नहीं
मुझे अब टोको नहीं
मेरा कहा सुनके तुम
ऐसे अब चौंको नहीं

क़ौमी दंगा करे जो
उसको लगवाऊँगा जेल
फाँसी देकर आतंकवाद का
ख़तम करूँगा खेल
मैं जीवन का ये गाना
मेरी मरज़ी से गाऊँ
मैं मेरी मरज़ी से जीऊँ
मरज़ी से मर जाऊँ
मैं चाहे ये करूँ
मैं चाहे वो करूँ
मेरी मरज़ी
मेरी मरज़ी
ए लफ़डे झगड़े गायब हो जा
मेरी मरज़ी
ए देश के दुश्मन तू चुप हो जा
मेरी मरज़ी
ए भारत देश तू आगे हो जा
मेरी मरज़ी
ए मेरी मरज़ी तू सच हो जा

मेरी मरज़ी
मैं चाहे ये करूँ
मैं चाहे वो करूँ
मैं चाहे यहाँ जाऊँ
मैं चाहे वहाँ जाऊँ
गोरे को मैं कहूँ काला
जीजा को मैं बोलूँ साला
नदी को मैं बोलूँ नाला
चाबी बिना खोलूँ ताला
मेरे बारे में कुछ कहना नहीं
चुपचाप बैठे रहो
बोलना नहीं
मुझे समझाना मत
झूठ सही
चाहे पी जाऊँ मैं चाय कॉफ़ी
डाल के दही
मारूँगा मैं सौ जूते
जो लगाओगे लाँछन
मर जाओगे ख़ुद ही
जो सच्चे को दोगे टेन्शन
भूले से भी लेना नहीं
तुम मेरा नाम
गाना मेरा सुनो और करो
अपना काम
मेरी मरज़ी

अब मेरे को नहीं गाने का है
मेरी मरज़ी

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.